PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Hindustan, Delhi
Sun, 28 May 2017, Page 13
Width: 8.43 cms, Height: 7.06 cms, a4, Ref: 25.2017-05-28.72

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा

मुंबई | एजेंसियां

देश का विदेशी मुद्रा भंडार गत 19 मई को समाप्त सप्ताह के दौरान 4.03 अरब डॉलर की जोरदार वृद्धि के साथ 379.31 अरब डॉलर की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां बढ़ने से विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि हुई है। इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 44.36 करोड़ डॉलर घटकर 375.27 अरब डॉलर रह गया था।

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, समीक्षाधीन सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार का महत्वपूर्ण हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) 3.99 अरब डॉलर बढ़कर 355.097 अरब डॉलर पर पहुंच गई। डॉलर में अभिव्यक्त विदेशी मुद्रा आस्तियों के भंडार में रखे यूरो, पौंड और येन जैसी गैर अमेरिकी मुद्राओं की मूल्यवृद्धि और मूल्यह्रास के प्रभावों को भी अभिव्यक्त करती हैं।